भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1881

दिनांक 11.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

एमएसएमई के प्रदर्शन में वृद्धि और तेज़ी

1881. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान एमएसएमई के प्रदर्शन में वृद्धि और तेजी (रैम्प) योजना के अंतर्गत दमण और दीव में स्थित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उद्योगों में खर्च की निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव के संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने रैम्प दिशानिर्देशों के अंतर्गत अधिदेशित कोई रणनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) दमण और दीव में सरकार द्वारा रैम्प के अंतर्गत वित्तपोषित एमएसएमई इकाइयों की संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है तथा उन उद्योगों की श्रेणीयों का ब्यौरा क्या है जिन्हें इसके लिए निधियन प्रदान की गई हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क)से(ग): दादरा और नगर हवेली तथा दमण एवं दीव की कार्यनीतिक निवेश योजनाओं (एसआईपी) का मूल्यांकन एसआईपी मूल्यांकन समिति (एसआईपीईसी) द्वारा किया गया था और एसआईपी मूल्यांकन समिति (एसआईपीईसी) द्वारा की गई सिफारिशों को 30 दिसंबर 2024 को आयोजित बैठक के दौरान रैम्प कार्यक्रम समिति (आरपीसी) द्वारा अनुमोदित किया गया था। दादरा और नगर हवेली तथा दमण एवं दीव द्वारा कार्यनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) के अंतर्गत प्रस्तुत अनुमोदित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए, विभिन्न क्षेत्रों और श्रेणियों में 5300 से अधिक एमएसएमई को कवर करके रैम्प के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए वित्त पोषण के हिस्से के रूप में 58.24 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विगत तीन वर्षों के दौरान दमण और दीव में स्थित एमएसएमई उद्योगों के लिए एमएसएमई कार्य-निष्पादन का उत्थान और गतिवर्धन (रैम्प) के अंतर्गत जारी और खर्च किए गए धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वित्त वर्ष	जारी की गई धनराशि (रुपये में)	खर्च की गई धनराशि (रुपये में)
1.	वित्त वर्ष 2022-23	शून्य	शून्य
2.	वित्त वर्ष 2023-24	शून्य	शून्य
3.	वित्त वर्ष 2024-25	2.91 करोड़	2.91 करोड़
4.	वित्त वर्ष 2025-26	2.60 करोड़	शून्य

*****